सफलता की कहानी

किसान का नाम	– छाया पाऊरी
ग्राम	– लायाडीह
पंचायत	– ओड़िया
प्रखंड	– पटमदा

आज के समय में महिलाएं किसी भी काम में पीछे नहीं है चाहे घर हो या बाहर अपनी जिम्मेदारी एवं मेहनत के बल पर अपने परिवार को गौरान्वित करती है ये महिला।

ऐसी ही एक महिला किसान है छाया पाऊरी । पटमदा प्रखण्ड के ओड़िया पंचायत अन्तर्गत लायाडीह गाँव की रहने वाले छाया पाऊरी अनुसूचित जनजाति से संबंध रखती है। गरीब परिवार में जन्म होने के कारण छाया की पढ़ाई नहीं हो सकी। छोटे उम्र से ही कृषि कार्य में अपने माँ–बाप को हाथ बंटाती थी। शादी के बाद भी छाया ने अपने पति निर्मल पाऊरी के साथ कृषि कार्य में बराबर की सहयोग करती है।

छाया पाऊरी एवं उनके पति निर्मल पाउरी आत्मा कृषि विभाग से जुड़ने के बाद से ही कृषि कार्य हेतु तकनीकी जानकारी, प्रोत्साहन एवं आत्मा के प्रसार कर्मियों के द्वारा मार्गदर्शन मिलते रहा है। छाया आत्मा से कृषक गोष्ठी एवं प्रशिक्षण में भाग लेकर खेती–बाड़ी के मामले मे सबल होने लगी। अब धान के साथ–साथ सब्जी, गेहूं, सरसों की खेती करने लगी। आत्मा के NFSM योजनान्तर्गत उन्होंने आत्मा के प्रसार कर्मी के सहयोग से एवं तकनीकी मार्गदर्शन में सरसों का खेती किया जिससे बहुत ही अच्छा उत्पादन हुआ। एक एकड़ रकवा में किए गए सरसों की खेती से 30,000 रूपये का आमदनी हुआ।

REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA

REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA